दिनांक : 03 जुलाई, 2021

प्रेस विज्ञप्ति
नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

दिनांक 24.03.2021 को पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज से रेस्क्यू किये गये 04 बाघ शावकों को दिनांक 25.03.2021 को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ लाया गया था, उस समय इन शावकों की उम्र लगभग 2–3 माह थी। इन शावकों की माँ की मृत्यु पीलीभीत टाइगर रिजर्व में हो गयी थी। माँ की मृत्यु के 09 दिनों के पश्चात इन्हें जंगल से रेस्क्यू किया गया था तथा प्राणि उद्यान, लखनऊ लाकर इनकी चिकित्सा एवं देखभाल की गयी। लगभग 02 माह इन्हें प्राणि उद्यान के पशु चिकित्सालय में क्वारेन्टाइन वार्ड में रखा गया तथा डा0 उत्कर्ष शुक्ला, उप निदेशक, प्राणि उद्यान, लखनऊ, डा0 अशोक कश्यप, पशु चिकित्सक, प्राणि उद्यान, लखनऊ एवं डा0 ब्रजेन्द्र मणि यादव, पशु चिकित्सक, प्राणि उद्यान, लखनऊ की देखरेख में श्री मो0 नासिर, नरेन्द्र एवं श्री बलराम, कीपर, प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा बहुत ही कुशलता से देखभाल की गयी जिससे शावक स्वस्थ रहे तथा स्वयं भोजन, पानी इत्यादि ग्रहण करने योग्य हो गये। 02 माह के क्वारेन्टाइन के पश्चात इन शावकों को एक अनुकूल बाड़े में खुले वातावरण में छोड़ा गया है जहाँ पर यह दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए है।

इन्हीं 04 बाघ शावकों के बाड़े से कुछ दूर की दूरी पर 02 तेंदुए के शावक भी हैं, जो कभी भी धमा–चौकड़ी करते हुए देखे जा सकते हैं। यह 04 बाघ शावक तथा 02 तेंदुए के शावक दर्शकों के लिए जिज्ञासा का केन्द्र बने हुए हैं। इन 04 शावाकों को मिलाकर प्राणि उद्यान, लखनऊ में कुल 10 रॉयल बंगाल टाइगर हैं तथा 13 तेंदुए हैं।

(–ह0–)
(राजेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ